ई-न्यूज

24 न्यूज अपडेट


WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, बुधवार 18 नवम्बर 2026

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 3 अंक 195

बर्फीली हवाओं ने बढ़ाई राजस्थान में ठिठुरन, उदयपुर में रात का तापमान 2 डिग्री गिरा



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। उत्तर भारत से आ रही सर्द हवाओं ने राजस्थान में सर्दी का असर तेज कर दिया है। लगातार दूसरे दिन प्रदेश के कई शहरों में न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। शेखावाटी में सीजन में पहली बार रात का पारा 10 डिग्री से नीचे पहुंच गया। फतेहपुर में न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। उदयपुर में भी रात के तापमान में दो डिग्री की गिरावट आई और पारा 16.8 डिग्री पर पहुंच गया।

मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में अगले एक सप्ताह तक मौसम साफ रहने का अनुमान है। इस दौरान तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव के साथ सर्दी का असर बढ़ सकता है। मंगलवार को प्रदेशभर में आसमान साफ रहा और दिन में धूप खिली। इसके चलते कई शहरों में अधिकतम तापमान में करीब एक डिग्री तक बढ़ोतरी हुई। हालांकि सुबह और शाम सर्द हवाओं ने ठंड का अहसास कराया।

चित्तौड़गढ़ में दिन सबसे गर्म, फतेहपुर सबसे ठंडा

मंगलवार को प्रदेश में सबसे अधिक 36 डिग्री सेल्सियस तापमान चित्तौड़गढ़ में दर्ज किया गया। बाड़मेर में अधिकतम तापमान 33.6, पाली में 32.6, जोधपुर में 31.8, जैसलमेर में 31.4, टोंक में 31.1 और डूंगरपुर में 31 डिग्री रहा। दूसरी ओर, फतेहपुर में न्यूनतम तापमान 7.4, सीकर में 8 और पिलानी में 10.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। माउंट आबू में रात का तापमान करीब 10.7 डिग्री रहा।

उदयपुर में दिन में धूप, रात में बढ़ी ठंड

उदयपुर में मंगलवार को दिन का तापमान मामूली बढ़कर 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जबकि रात का तापमान दो डिग्री गिरकर 16.8 डिग्री पर आ गया। दिन में धूप के कारण मौसम सुहावना रहा, लेकिन रात में पारा गिरने से ठंड का असर बढ़ा। जयपुर में न्यूनतम तापमान 15.2 और अधिकतम 29.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कोटा में रात का तापमान डेढ़ डिग्री गिरकर 16 डिग्री रहा, जबकि अधिकतम तापमान 29.9 डिग्री दर्ज हुआ। सीकर में अधिकतम तापमान 28.5 और न्यूनतम 6.9 डिग्री रहा। अजमेर में अधिकतम तापमान 29.9 और न्यूनतम 12.4 डिग्री दर्ज किया गया। जोधपुर में दिन और रात दोनों के तापमान में गिरावट का दौर जारी है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, आने वाले दिनों में यहां तापमान दो से चार डिग्री तक और गिर सकता है।

BSNL कर्मचारियों के वेतन पुनरीक्षण का मुद्दा सांसद मन्नालाल रावत तक पहुंचा, Affordability Clause हटाने के लिए मंत्रालयों से करेंगे बात

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। BSNL कर्मचारियों और अधिकारियों के लंबित तृतीय वेतन पुनरीक्षण (थर्ड पे रिवीजन) का मुद्दा अब उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत के समक्ष उठाया गया है। बुधवार को AUAB (ऑल यूनियंस एंड एसोसिएशंस ऑफ BSNL) के प्रतिनिधिमंडल ने सांसद से मुलाकात कर वेतन पुनरीक्षण में आ रही बाधाओं पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने विशेष रूप से Affordability Clause को हटाने की मांग रखी। प्रतिनिधिमंडल ने सांसद को बताया कि इस प्रावधान के कारण BSNL कर्मचारियों और अधिकारियों को तृतीय वेतन पुनरीक्षण का लाभ मिलने में देरी हो रही है। उन्होंने इस बाधा को दूर करने की आवश्यकता जताई। सांसद डॉ. रावत ने मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि कैबिनेट की मंजूरी के बाद Affordability Clause हटाने के संबंध में वे संचार मंत्रालय और वित्त मंत्रालय को अवगत कराएंगे तथा आवश्यक पहल करेंगे। मुलाकात के दौरान BSNLEU के जिला सचिव राधेश्याम सिंह चौहान, SNEA के जिला सचिव हेमन्त जैन, SEWA के जिला सचिव देवकीशन खटीक, SNEA अध्यक्ष कमल लोहानी, सह सचिव जयदीप व्यास, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार वर्मा और परिमंडल SNEA पदाधिकारी कुलदीप पालीवाल मौजूद रहे। AUAB संयोजक हेमन्त जैन ने सांसद का समय देने और BSNL कर्मचारियों-अधिकारियों के इस मुद्दे को संबंधित मंत्रालयों के समक्ष उठाने का आश्वासन देने के लिए आभार जताया।

दंपती को सड़क पर गिराकर महिला का पर्स लूटा, छह घंटे में पकड़ा गया आरोपी; घंटाघर की वारदात भी कबूली



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। पुराने पासपोर्ट कार्यालय के पास स्कूटी सवार दंपती को रोककर महिला से मारपीट करने और पर्स लूटने के मामले में भूपालपुरा थाना पुलिस ने महज छह घंटे में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल स्कूटी के साथ लूटा गया आधार कार्ड और एटीएम कार्ड भी बरामद किया है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने घंटाघर थाना क्षेत्र में इसी दिन एक अन्य लूट की वारदात करना भी स्वीकार किया है।

पुलिस के अनुसार, पाठों की मगरी निवासी विक्रम सिंह ने 17 नवंबर को भूपालपुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 16 नवंबर को वह पत्नी के साथ स्कूटी से सेलिब्रेशन मॉल से घर लौट रहे थे। पुराने पासपोर्ट कार्यालय के पास स्कूटी सवार एक युवक ने उनका रास्ता रोक लिया और पत्नी के हाथ से लेदर का पर्स छीनकर भागने लगा। दंपती ने विरोध किया तो आरोपी ने महिला के साथ मारपीट की और उन्हें नीचे गिराकर पर्स लेकर फरार हो गया। पर्स में मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड, आधार कार्ड और अन्य जरूरी दस्तावेज थे।

वारदात की गंभीरता को देखते हुए एएसपी शहर उमेश ओझा और सीओ नगर पूर्व छवि शर्मा के सुपरविजन में थानाधिकारी रतन सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के रास्तों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। मुखबिर तंत्र और साइबर सेल की तकनीकी मदद से आरोपी की पहचान कर उसे वारदात के छह घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया।

नौ पुराने मामले दर्ज, पुलिस रिमांड पर आरोपी

गिरफ्तार आरोपी मोहित सोनी (30) पुत्र फतेहलाल सोनी है। वह मूल रूप से 133 मोती चौहट्टा, थाना घंटाघर का निवासी है और वर्तमान में 417 नाजु श्री वाटिका के पास, सहेली नगर, थाना अंबामाता में रह रहा है। पुलिस ने उसके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त स्कूटी, लूटा गया आधार कार्ड और एटीएम कार्ड बरामद किए हैं। मोबाइल और अन्य सामान की बरामदगी के लिए उसे न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ धानमंडी, अंबामाता, सुखेर, सूरजपोल और हाथीपोल थानों में लूट, मारपीट और आर्म्स एक्ट के करीब नौ मामले पहले से दर्ज हैं। कार्रवाई एसपी डॉ. अमृता दुहन के निर्देश पर एएसपी उमेश ओझा और सीओ छवि शर्मा के सुपरविजन में हुई। टीम में थानाधिकारी रतन सिंह, सहायक उपनिरीक्षक खुमाण सिंह और सियाराम, हेड कांस्टेबल गंगा विशन (2036), कांस्टेबल दिनेश जोशी (2591), सुनील कुमार (2381) और साइबर सेल के सहायक उपनिरीक्षक गजराज शामिल थे। कांस्टेबल दिनेश जोशी की विशेष भूमिका रही।

एक साल बाद जेल से बाहर आए आजम खान, बेटे ने गले लगाकर कहा- 'टाइगर इज बैक'

24 न्यूज अपडेट



गाजियाबाद। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान बुधवार को करीब एक साल बाद गाजियाबाद की डासना जेल से रिहा हो गए। जेल के बाहर बेटे अदीब ने उनका स्वागत करते हुए कहा, "टाइगर इज बैक। हमारे लिए आज ईद का दिन है।" आजम खान की रिहाई की खबर मिलते ही जेल के बाहर 600 से अधिक समर्थक जुट गए। इस दौरान समर्थकों ने 'आजम खान जिंदाबाद' के नारे लगाए।

जेल से बाहर आते ही आजम खान को समर्थकों और मीडिया ने घेर लिया। इस दौरान उन्होंने कहा, "मेरा वही कहना है, जो मैंने हमेशा कहा है। शिक्षा का मंदिर एक मुसलमान ने बनाया है, यह उसकी सजा है।" इसके बाद वे स्कॉर्पियो से रामपुर स्थित अपने घर के लिए रवाना हो गए।

आजम खान को 17 नवंबर 2025 को दोहरे पैन कार्ड के मामले में रामपुर जेल भेजा गया था। 31 अक्टूबर 2026 को वे रामपुर जेल से बाहर आए थे, लेकिन प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उन्हें तुरंत गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद से वे डासना जेल में बंद थे। बुधवार शाम करीब 4:30 बजे उनकी रिहाई का परवाना जेल पहुंचा। कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद उन्हें रिहा कर दिया गया।

मल्लातलाई चौराहे पर पंचर निकलवाने रुके युवक पर लट्ठ से ताबड़तोड़ वार, 11 मुकदमों का आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। मल्लातलाई चौराहे पर स्कूटी का पंचर निकलवाने के लिए रुके युवक पर लट्ठ से जानलेवा हमला करने के मामले में अंबामाता थाना पुलिस ने मुख्य आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी विष्णु तेली वारदात के बाद गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था। पुलिस अब उसके साथियों के संबंध में पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार, मल्लातलाई निवासी रोशन लाल तेली 16 नवंबर की शाम करीब 6 से 6:30 बजे खेत से घर लौट रहे थे। रास्ते में मल्लातलाई चौराहे पर एक साइकिल दुकान के सामने स्कूटी का पंचर निकलवाने के लिए रुके। इसी दौरान पुरानी रंजिश के चलते विष्णु तेली अपने साथियों के साथ वहां पहुंचा और रोशन लाल के सिर पर लट्ठ से कई वार कर दिए। हमले में गंभीर रूप से घायल रोशन लाल का अस्पताल में उपचार जारी है। घटना की गंभीरता को देखते हुए एएसपी शहर उमेश ओझा और सीओ नगर पश्चिम राजेश यादव के सुपरविजन में थानाधिकारी राजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने तकनीकी संसाधनों और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपी की तलाश शुरू की। लगातार ठिकाने बदल रहे विष्णु तेली को पुलिस ने वारदात के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया।

हत्या के प्रयास सहित 11 मामले दर्ज

गिरफ्तार आरोपी विष्णु तेली (36) पुत्र चम्पालाल तेली निवासी हरिदास जी की मगरी, थाना अंबामाता है। पुलिस के अनुसार, आरोपी आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ हत्या के प्रयास, लड़ाई-झगड़े, मारपीट तथा आर्म्स एक्ट सहित कुल 11 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं, जिनमें न्यायालय में चालान पेश हो चुके हैं। पुलिस आरोपी से वारदात में शामिल अन्य साथियों के बारे में पूछताछ कर रही है। कार्रवाई में थानाधिकारी राजेन्द्र सिंह के साथ सहायक उपनिरीक्षक लालसिंह, हेड कांस्टेबल गोविन्द सिंह और राजेश, कांस्टेबल प्रकाश बिश्नोई (675), राजकमल और निलेश शामिल थे।

250 CCTV फुटेज में तलाशे चोरों के सुराग, टिनशेड से घुसे थे फैक्ट्री में; प्रतापनगर पुलिस ने पांच आरोपी पकड़े



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। मादड़ी इंडस्ट्रियल एरिया की एक कंपनी में मुख्य दरवाजे के ताले सुरक्षित छोड़कर टिनशेड के रास्ते अंदर घुसे चोरों तक पहुंचने के लिए पुलिस ने 200 से 250 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से प्रतापनगर थाना पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल कार भी जब्त की है। पूछताछ में आरोपियों ने करीब दो महीने पहले इसी औद्योगिक क्षेत्र में हुई एक अन्य चोरी की वारदात में शामिल होना भी स्वीकार किया है। पुलिस के अनुसार, सायफन चौराहा निवासी लोकेश तलेसरा ने 13 नवंबर 2026 को प्रतापनगर थाने में रिपोर्ट दी थी। वे मादड़ी इंडस्ट्रियल एरिया के रोड नंबर-2 स्थित ए.आर. इलेक्ट्रो पावर प्राइवेट लिमिटेड में मैनेजर हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि कंपनी के कार्यालय के मुख्य दरवाजे के ताले सुरक्षित थे, लेकिन अज्ञात चोर टिनशेड के रास्ते अंदर घुसे और बड़ी मात्रा में सामान चुरा ले गए। पुलिस ने बीएनएस की धारा 331(4) और 305(1) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। वारदात के बाद पुलिस टीम ने आसपास के 200 से 250 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का बारीकी से विश्लेषण किया। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिरों से मिली जानकारी के आधार पर संदिग्धों की पहचान की गई। इसके बाद दबिश देकर पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने चोरी में प्रयुक्त कार भी जब्त की है।

उदयपुर और सलूंबर जिले के निवासी हैं आरोपी

गिरफ्तार आरोपियों में अजीत कुमार बोदर (22) पुत्र दिनेश कुमार मीणा निवासी महुवाल मगरा, ढीकवास, थाना बावलवाड़ा; संजय कुमार मीणा (21) पुत्र रामलाल मीणा निवासी लराठी फला, लक्ष्मीपुरा, थाना खैरवाड़ा; संजय कुमार मीणा उर्फ कार्तिक (21) पुत्र बसंती लाल मीणा निवासी लराठी फला, लक्ष्मीपुरा, थाना खैरवाड़ा; दिनेश कुमार मीणा (23) पुत्र मदनलाल मीणा निवासी सदकड़ी फला उपला, थाना सेमारी, जिला सलूंबर और गजेन्द्र कुमार सड़ात (21) पुत्र जयंतीलाल मीणा निवासी खारवास, थाना बावलवाड़ा शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने करीब दो महीने पहले मादड़ी इंडस्ट्रियल एरिया में हुई एक अन्य चोरी की वारदात भी कबूल की है। चोरी के माल की बरामदगी और अन्य वारदातों में उनकी संलिप्तता को लेकर पूछताछ जारी है। कार्रवाई एसपी डॉ. अमृता दुहन के निर्देश पर एएसपी शहर उमेश ओझा और सीओ नगर पूर्व छवि शर्मा के सुपरविजन में थानाधिकारी अजय सिंह राव के नेतृत्व में की गई। टीम में हेड कांस्टेबल उमेश कुमार, हरिकिशन और राजुराम, कांस्टेबल रामस्वरूप और हरिसिंह तथा साइबर सेल के हेड कांस्टेबल कुलदीप सिंह शामिल थे।



संपादकीय : सहयोग के आयाम

तेजी से बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य में भारत जिस तरह खुद को अलग-अलग मोर्चों पर संतुलन और सहयोग को प्राथमिकता देने वाले एक जिम्मेदार देश के रूप में सामने रखा है, उसके सकारात्मक नतीजे साफ देखे जा सकते हैं। गौरतलब है कि फिलीपींस की राजधानी मनाली में दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन आसियान शिखर सम्मेलन और इसके साथ ही आयोजित हो रहे क्वाड सम्मेलन के मौके पर मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो कहा है, वह कई लिहाज से भारत की प्रभावशाली मौजूदगी दर्ज करता है। आसियान के नेताओं से प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत एक स्वतंत्र, समावेशी और नियम आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र में विश्वास करता है तथा इसका भविष्य 'प्रतिस्पर्धा से नहीं, बल्कि सहयोग से' तय होना चाहिए। वहीं उच्चस्तरीय बैठक के बाद अपने साझा बयान में क्वाड देशों ने आतंकवाद की स्पष्ट निंदा के साथ-साथ किसी भी वैसी एकतरफा कार्रवाई का विरोध किया, जिससे क्षेत्रीय शांति और स्थिरता प्रभावित होती है। साथ ही खुले और सुरक्षित साइबर क्षेत्र के लिए मिलकर काम करने की बात कही। जाहिर है, भारत का संकेत फिलहाल दुनिया भर में जारी उन तनाव, टकराव और संघर्षों की ओर है, जिसमें सहयोग के बजाय वर्चस्व कायम करने की मंशा से प्रतिस्पर्धा को एक प्राथमिक रास्ता माना जाने लगा है। खासतौर पर हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य गतिविधियों को लेकर उभर रही चिंताएं किसी से छिपी नहीं हैं। इसलिए भारत ने अगर प्रतिस्पर्धा के बजाय सहयोग को महत्त्व देने की बात कही है, तो इसके मायने स्पष्ट हैं। हालांकि अलग-अलग असमान देशों के बीच अगर सहयोग की अनदेखी करके प्रतिस्पर्धा का तत्व हावी होता है, तो उसमें विकासशील और कमजोर देशों के लिए क्या जगह बचेगी, यह समझना मुश्किल नहीं है। इस लिहाज से देखें तो भारत का पक्ष एक स्वतंत्र और समावेशी वैश्विक दृष्टि की वकालत करता है, जिसमें कमजोर देशों के साथ सहयोग ही एक बेहतर विश्व के निर्माण की संभावना को मजबूत कर सकता है । यों भी भारत आसियान के साथ व्यापक रणनीतिक साझेदारी को विशेष महत्त्व देता है और वैश्विक शांति तथा स्थिरता के साथ-साथ भविष्य को लेकर अनिश्चितता दूर करने के लिए मिल कर काम करने का हामी रहा है। गौरतलब है कि आसियान को इस क्षेत्र के सबसे प्रभावशाली समूहों में से एक माना जाता है। इसमें क्वाड देश यानी भारत, अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया सहित कई अन्य देश इसके संवाद साझेदार हैं। भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति के तहत बीते कुछ वर्षों के दौरान भारत-आसियान के बीच सहयोग को नई मजबूती मिली है। दोनों पक्षों के बीच पूर्व चेतावनी प्रणालियों को बेहतर बनाने, उपग्रहों और मौसम संबंधी आंकड़ों को साझा करने, आपदाओं से निपटने की तैयारियों के लिए मिल कर अभ्यास करने पर सहमति बनी है। इसके अलावा, भारत की ओर से पेश प्रस्तावों में दीर्घकालिक आसियान-भारत समुद्री सहयोग योजना' भी शामिल है, जिसके तहत संपर्क बढ़ाने, वैज्ञानिक अनुसंधान, आपदा प्रबंधन, तटरक्षक बलों के बीच सहयोग, समुद्री गतिविधियों की जानकारी, निगरानी और नाविकों की सुरक्षा जैसे मुद्दे भी भी शामिल हैं। अब चीन के साथ संबंधों में सुधार के समांतर अमेरिका से साझेदारी की चुनौतियों के बीच यह देखने की बात होगी कि मनीला में आसियान शिखर सम्मेलन और क्वाड बैठक में हिस्सेदारी भारत के लिए कितना अहम अवसर साबित होगा।

यमुना का जीवन

यमुना नदी के प्रदूषित होने का सवाल पिछले कई दशक से लगातार न केवल पर्यावरण संबंधी सार्वजनिक बहसों के केंद्र में रहा है, बल्कि हर चुनाव में यह अलग-अलग राजनीतिक दलों के लिए एक सुविधा का मुद्दा रहता है। इस नदी की सफाई के लिए अब तक सरकारों ने हजारों करोड़ रुपए बहा दिए, लेकिन आज भी यह इस हालत में है कि इसका पानी नहाने तक के लिए सुरक्षित नहीं माना जाता है। सवाल है कि यमुना को स्वच्छ बनाने के लिए अगर सरकारों ने जरूरी धन मुहैया कराया और वह राशि वास्तव में इसी काम में खर्च हुई, तो अब भी यमुना को सबसे प्रदूषित नदियों में से एक क्यों माना जाता है। सच यह है कि इस मसले पर सरकारों की इच्छाशक्ति कठघरे में रही है। यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट ने इस मसले पर गहरी नाराजगी जताई है। अदालत ने बेहद तल्ख लहजे में कहा है कि यमुना की सफाई पर भारी-भरकम राशि खर्च किए जाने के बावजूद इसमें प्रदूषण का स्तर पहले के मुकाबले और बढ़ा ही है। आखिर यमुना की सफाई और इस पर खर्च की गई हजारों करोड़ की राशि कहां गई ? दरअसल, यमुना अगर आज भी बेहद प्रदूषित है और उसका पानी आम उपयोग के लायक नहीं रह गया है, तो वजहें सरकारों की अनदेखी में छिपी हैं। शीर्ष अदालत ने इसका भी उल्लेख किया कि गंदा पानी ले जाने वाले पांच सौ बीस नाले यमुना नदी में जाकर मिलते हैं। अदालत ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निर्देश दिया कि प्रत्येक राज्य केंद्रशासित प्रदेश और जिले में यमुना और प्रमुख नालों के प्रवेश और निकास की जगहों पर पानी की गुणवत्ता की निगरानी की जाए। जिन महकमों की सामान्य जिम्मेदारी है कि वे यमुना में गंदगी ले जाने वाले मुहानों पर नजर रखें, तो उन्होंने अब तक क्या किया है ? ऐसा लगता है कि इस नदी की सफाई की चिंता किसी भी राजनीतिक पार्टी को तभी तक होती है, जब तक उसकी भूमिका विपक्ष में होने तक सीमित रहती है। मगर जैसे ही उन्हें सत्ता में पहुंचने का मौका मिलता है, तो यमुना के प्रदूषण को खत्म करने को लेकर उनका रवैया भी अनदेखी और उदासीनता का शिकार हो जाता है।

सावों से पहले सोणा हुआ सोना, पांच दिन में चांदी 16450 रूपए और सोने ने लगाया 5000 का गोता



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। सर्राफा बाजार में पिछले सप्ताह ऊंचाई छूने के बाद सोने और चांदी की चमक लगातार फीकी पड़ रही है। खास तौर पर चांदी में गिरावट की रफ्तार तेज रही है। 13 नवंबर को चांदी टंच का भाव 1,79,600 रुपए था, जो 18 नवंबर को घटकर 1,63,150 रुपए रह गया। यानी महज पांच दिनों में एक किलो चांदी 16,450 रुपए सस्ती हो गई। इसी अवधि में सोने के स्टैंडर्ड भाव में भी 5,000 रुपए की गिरावट दर्ज की गई। स्थानीय सर्राफा एसोसिएशन के पदाधिकारी इंदरसिंह मेहता के अनुसार, 13 नवंबर को सोना स्टैंडर्ड 1,37,000 रुपए के भाव पर था। 14 नवंबर को मामूली गिरावट के साथ यह 1,36,900 रुपए पर आया। 16 नवंबर को भाव 1,35,000 रुपए और 17 नवंबर को 1,34,900 रुपए रह गया। अब 18 नवंबर को इसमें और 2,900 रुपए की गिरावट आई और भाव 1,32,000 रुपए पर पहुंच गया। इस तरह पांच दिन में सोने के स्टैंडर्ड भाव में करीब 3.65 प्रतिशत की कमी आई है। चांदी में गिरावट का असर और ज्यादा दिखाई दे रहा है। 13 नवंबर को चांदी टंच 1,79,600 रुपए और चौरसा 1,78,600 रुपए प्रति किलो था। 14 नवंबर को दोनों भाव क्रमशः 1,76,000 और 1,75,000 रुपए पर आ गए। 16 नवंबर को टंच चांदी 1,69,500 रुपए और चौरसा 1,68,500 रुपए रही। 17 नवंबर को मामूली गिरावट के बाद 18 नवंबर को फिर बड़ी कमी दर्ज हुई। अब टंच चांदी 1,63,150 रुपए और चौरसा 1,62,150 रुपए प्रति किलो रह गई है। यानी दोनों किस्मों में पांच दिनों के दौरान 16,450 रुपए की गिरावट आई है। सोने की दूसरी श्रेणियों में भी यही रुख रहा। 13 नवंबर को जेवराती सोना 1,31,520 रुपए और 22 कैरेट सोना 1,26,040 रुपए था। 18 नवंबर को इनके भाव क्रमशः 1,26,720 और 1,21,440 रुपए रह गए। यानी जेवराती सोना 4,800 रुपए और 22 कैरेट सोना 4,600 रुपए नीचे आया। पांच दिनों के भावों पर नजर डालें तो चांदी में सोने के मुकाबले कहीं अधिक गिरावट आई है। 13 नवंबर को दोनों धातुएं अपने दिए गए आंकड़ों में इस अवधि के सबसे ऊंचे स्तर पर थीं। इसके बाद लगातार नरमी का रुख बना रहा। हालांकि 14 से 17 नवंबर के बीच गिरावट की गति कुछ धीमी रही, लेकिन 18 नवंबर के भावों में फिर उल्लेखनीय कमी दर्ज हुई। स्थानीय बाजार में जारी इस गिरावट से खरीदारों को राहत जरूर मिली है, लेकिन आगे भाव किस दिशा में जाएंगे, यह बाजार के अगले रुझान पर निर्भर करेगा। स्थानीय भावों पर 3 प्रतिशत जीएसटी अतिरिक्त देय होगा।

गणेशघाटी में 15 दिन से बह रहा पीने का पानी, सड़क पर फिसलकर गिर रहे लोग



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। शहर की पुरानी बस्ती गणेशघाटी में पेयजल की मुख्य पाइपलाइन में लीकेज लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। पाइपलाइन से रोजाना हजारों लीटर साफ पानी सड़क पर बह रहा है। सड़क पर जमा पानी के कारण दोपहिया वाहन चालक फिसलकर गिर रहे हैं। शिकायतों के बावजूद मरम्मत नहीं होने पर बुधवार को वार्ड-15 के पार्षद प्रतीक नागर ने मौके पर पहुंचकर नाराजगी जताई। वे करीब तीन घंटे तक वहीं डटे रहे और स्मार्ट सिटी के कर्मचारियों को फोन कर जल्द समाधान की मांग की। पार्षद नागर ने बताया कि गणेशघाटी में लंबे समय से पाइपलाइन लीकेज की समस्या बनी हुई है। उन्होंने 3 नवंबर से लगातार संबंधित एजेंसी को इसकी जानकारी देकर मरम्मत के लिए फॉलोअप किया, लेकिन अब तक बड़ी पाइपलाइन का लीकेज ठीक नहीं हुआ। कुछ छोटे लीकेज जरूर दुरुस्त किए गए, लेकिन नानी गली के पास पानी का रिसाव जारी है। उन्होंने कहा कि एक ओर पीने का साफ पानी व्यर्थ बह रहा है, वहीं सड़क पर पानी फैलने से राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ रही है। पानी के कारण कई लोग फिसलकर गिर चुके हैं। पार्षद ने आरोप लगाया कि बार-बार शिकायत के बाद भी जिम्मेदार एजेंसी काम में देरी कर रही है। पार्षद के मुताबिक, अधिकारियों ने लीकेज ठीक करने का काम तेज करने और गुरुवार तक पाइपलाइन दुरुस्त करने का आश्वासन दिया है। फिलहाल क्षेत्रवासियों को मरम्मत कार्य पूरा होने का इंतजार है।

उदयपुर आने-जाने वाली ट्रेनों का संचालन प्रभावित, जयपुर-उदयपुर ट्रेन राणाप्रतापनगर तक ही आएगी



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। अजमेर मंडल के राणाप्रतापनगर-घोसुंडा और बेरछा-उदयपुर सिटी रेलखंड के बीच तकनीकी कार्य के चलते 19 नवंबर से 28 दिसंबर तक रेल यातायात प्रभावित रहेगा। इस दौरान कुछ ट्रेनें आंशिक रूप से रद्द रहेंगी, जबकि एक ट्रेन को 40 मिनट देरी से चलाया जाएगा। जयपुर-उदयपुर सिटी ट्रेन भी तय अवधि में राणाप्रतापनगर तक ही संचालित होगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार, ट्रेन संख्या 20993 जयपुर-उदयपुर सिटी 19 नवंबर से 18 दिसंबर तक जयपुर से रवाना होकर राणाप्रतापनगर तक आएगी। राणाप्रतापनगर से उदयपुर सिटी के बीच इसका संचालन रद्द रहेगा। इसी तरह ट्रेन संख्या 59835 मंदसौर-राणाप्रतापनगर 19 से 28 दिसंबर तक मावली तक ही चलेगी। मावली से राणाप्रतापनगर के बीच यह आंशिक रद्द रहेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 59836 राणाप्रतापनगर-मंदसौर भी 19 से 28 दिसंबर तक राणाप्रतापनगर के बजाय मावली से रवाना होगी।

जयपुर-उदयपुर ट्रेन 15 मिनट रेगुलेट ट्रेन संख्या 20993 जयपुर-उदयपुर सिटी को अलग-अलग अवधि में 15 मिनट रेगुलेट किया जाएगा। 19 से 28 नवंबर तक यह घोसुंडा-भूपालसागर करेरा रेलखंड के बीच, 29 नवंबर से 8 दिसंबर तक घोसुंडा-पांडोली रेलखंड के बीच और 9 से 18 दिसंबर तक घोसुंडा-फतेहनगर रेलखंड के बीच 15 मिनट रोकी जाएगी। वहीं, ट्रेन संख्या 69244 चित्तौड़गढ़-असारवा 19 नवंबर से 28 दिसंबर तक चित्तौड़गढ़ से अपने निर्धारित समय से 40 मिनट देरी से रवाना होगी। यात्रियों को यात्रा से पहले ट्रेन के संचालन की स्थिति की जानकारी लेने की सलाह दी गई है।


35 मिनट 11 सेकंड तक सर्वांगासन में रहीं तनिष्का जैन, इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज कराया नाम



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। योगासन में एकाग्रता, संतुलन और धैर्य का शानदार प्रदर्शन करते हुए सेंट एंथनीज़ सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा तनिष्का जैन ने विश्व रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने 29 सितंबर 2026 को सर्वांगासन की मुद्रा में लगातार 35 मिनट 11 सेकंड तक रहकर अपना नाम इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज कराया। विद्यालय के मीडिया प्रभारी विकास साहू ने बताया कि तनिष्का ने यह उपलब्धि नियमित अभ्यास, अनुशासन और योग के प्रति समर्पण से हासिल की है। कम उम्र में इस तरह का रिकॉर्ड बनाकर उन्होंने विद्यालय के साथ उदयपुर का नाम भी रोशन किया है। विद्यालय के प्राचार्य विलियम डीसूजा ने तनिष्का को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की ऐसी उपलब्धियां दूसरे बच्चों के लिए प्रेरणा बनती हैं। उन्होंने इस सफलता में तनिष्का के माता-पिता, प्रशिक्षकों और शिक्षकों के मार्गदर्शन व सहयोग की भी सराहना की। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण और विद्यार्थियों ने तनिष्का को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

96 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के स्वास्थ्यकर्मियों को दिया प्रशिक्षण



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। राष्ट्रीय आयुष मिशन एवं आयुर्वेद विभाग राजस्थान की ओर से सीसीआरटी में 13 से 18 नवंबर तक आयोजित छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को संपन्न हुआ। उपनिदेशक डॉ. राजीव भट्ट की अध्यक्षता में हुए समापन समारोह में उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से ग्रामीण क्षेत्रों में प्राप्त ज्ञान का उपयोग कर लोगों को जागरूक करने का आह्वान किया।

तीन बैचों में आयोजित प्रशिक्षण में उदयपुर जिले के 96 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों से जुड़ी आशा सहयोगिनियों, एएनएम, आयुष नर्सिंग स्टाफ और कंपाउंडरों ने भाग लिया। शिविर प्रभारी डॉ. केशव गुप्ता और सहायक निदेशक डॉ. भानु कुमार जैन के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों को बीपी, शुगर, कैंसर, डेंगू, मलेरिया और पाण्डु रोगों की शुरुआती पहचान, स्वास्थ्य सर्वेक्षण, रेफरल प्रक्रिया, योग-प्राणायाम, आहार-विहार और औषधीय पौधों के उपयोग की जानकारी दी गई।

उदयपुर में गुरुवार को चार घंटे बिजली कटौती, शक्तिनगर सहित कई इलाके रहेंगे प्रभावित

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। शहर में बिजली लाइनों के रखरखाव कार्य के चलते गुरुवार को कुछ इलाकों में चार घंटे बिजली बंद रहेगी। अजमेर विद्युत वितरण निगम की ओर से सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रखी जाएगी। सहायक अभियंता के अनुसार, इस दौरान शक्तिनगर, एलआईसी बिल्डिंग, इंद्रप्रस्थ, एयर पैलेस सहित आसपास के क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी। रखरखाव कार्य के चलते इन इलाकों के उपभोक्ताओं को निर्धारित समय तक बिजली कटौती का सामना करना पड़ेगा।

सरकारी स्कूलों के 118 बच्चों को स्वेटर पहनाए



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। राजस्थान समाज सेवा संस्थान द्वारा उदयपुर के ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी स्कूलों के जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर वितरण करने का अभियान बुधवार को शुरू हुआ।

राजस्थान समाज सेवा संस्थान उदयपुर के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने बताया कि अभियान के पहले दिन घासा पंचायत समिति क्षेत्र के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बिकरनी और राजकीय प्राथमिक विद्यालय रामदेवरा में कक्षा 1 से 5 वीं तक के कुल 118 बच्चों को स्वेटर वितरित किए गए। स्वेटर वितरण में सुखेर थानाधिकारी भरत योगी और मनीष पुरी गोस्वामी का भी सहयोग रहा। स्कूल के प्रधानाध्यापक महेंद्रसिंह चौहान, किशनलाल पूर्बिया के साथ ही अध्यापक हेमंत जोशी और स्कूल स्टाफ ने संस्थान के इस प्रयास की सराहना की। संस्थान अध्यक्ष उपाध्यक्ष मंजूलता ने बताया कि दोनों ही स्कूल पहाड़ियों के बीच स्थित होकर अधिकांश बच्चों के पास स्वटेर नहीं होने से हर बार सर्दी के दिनों में ठिठुरते हुए स्कूल आने मजबूर होना पड़ता है। इसकी जानकारी मिलने पर बुधवार को संस्थान की टीम इन स्कूलों में पहुंची और बच्चों के स्वेटर की जरूरत पूरी की।

15 से 20 लाख में खरीदी FMGE की फर्जी डिग्री! पांच डॉक्टर गिरफ्तार, मेडिकल काउंसिल के अधिकारियों की भूमिका भी संदेह के घेरे में



24 न्यूज अपडेट

जयपुर। विदेश से MBBS की पढ़ाई कर भारत में डॉक्टर बनने का सपना पूरा करने के लिए कुछ लोगों ने परीक्षा पास करने के बजाय फर्जीवाड़े का रास्ता अपना लिया। FMGE परीक्षा में असफल होने के बावजूद 15 से 20 लाख रुपए देकर फर्जी स्क्रीनिंग टेस्ट सर्टिफिकेट हासिल किए और उन्हीं के आधार पर राजस्थान के मेडिकल कॉलेजों में इंटर्नशिप तक शुरू कर दी। राजस्थान मेडिकल काउंसिल में प्रोविजनल रजिस्ट्रेशन भी करा लिया। राजस्थान पुलिस की स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (SOG) ने इस फर्जीवाड़े का खुलासा करते हुए पांच डॉक्टरों को गिरफ्तार किया है। जांच में मेडिकल काउंसिल के तत्कालीन अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका पर भी सवाल उठे हैं। ADG SOG विशाल बंसल के अनुसार, विदेश से MBBS करने वाले भारतीय अभ्यर्थियों के लिए देश में मेडिकल प्रैक्टिस करने से पहले FMGE परीक्षा पास करना अनिवार्य है। आरोप है कि कुछ अभ्यर्थियों ने परीक्षा पास किए बिना ही फर्जी प्रमाणपत्र बनवाकर मेडिकल काउंसिल में पंजीकरण करा लिया। इस संबंध में 4 फरवरी 2026 को SOG जयपुर थाने में मामला दर्ज किया गया था। IG अजयपाल लांबा के नेतृत्व में DSP जितेंद्र नावारिया ने जांच की। जांच के बाद 16 नवंबर को पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में कोटपूतली-बहरोड़ निवासी सगे भाई सत्यप्रकाश खापरवाल (30) और जयप्रकाश (31) शामिल हैं। दोनों ने चीन की सुजो मेडिकल यूनिवर्सिटी से MBBS किया था। कई बार FMGE परीक्षा में असफल रहने के बाद आरोप है कि दोनों ने 15-15 लाख रुपए देकर दिसंबर 2023 का फर्जी प्रमाणपत्र बनवाया। बस में सफर के दौरान हेमंत यादव से हुई मुलाकात के बाद दोनों को फर्जी सर्टिफिकेट उपलब्ध कराने का रास्ता मिला। इसी तरह कोटपूतली-बहरोड़ निवासी विमल यादव (28) ने कजाकिस्तान से MBBS किया था। आरोप है कि उसने 20 लाख रुपए देकर जून 2023 का फर्जी प्रमाणपत्र बनवाया और अलवर मेडिकल कॉलेज में इंटर्नशिप शुरू कर दी। दौसा निवासी विश्वेन्द्र सिंह चेची (29) ने भी कजाकिस्तान से पढ़ाई की थी। उसने कथित तौर पर 20 लाख रुपए देकर फर्जी प्रमाणपत्र हासिल किया और धौलपुर मेडिकल कॉलेज से इंटर्नशिप पूरी कर प्रोविजनल रजिस्ट्रेशन भी प्राप्त कर लिया। मामला सामने आने के बाद उसका रजिस्ट्रेशन निरस्त कर दिया गया। पांचवां आरोपी बांसवाड़ा निवासी दिशांत टेलर (28) है। उसने भी कजाकिस्तान से MBBS किया था। FMGE में असफल रहने के बाद आरोप है कि उसने 20 लाख रुपए देकर जून 2023 का फर्जी प्रमाणपत्र बनवाया। इसके आधार पर दौसा मेडिकल कॉलेज में इंटर्नशिप शुरू कर दी और मेडिकल काउंसिल में प्रोविजनल रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन किया।

बस में मुलाकात से लेकर मेडिकल काउंसिल तक फैला नेटवर्क

SOG की जांच में फर्जी प्रमाणपत्र उपलब्ध कराने के लिए अलग-अलग लोगों की भूमिका सामने आई है। सत्यप्रकाश और जयप्रकाश को हेमंत यादव के जरिए प्रमाणपत्र मिलने का आरोप है। विमल यादव ने भी हेमंत की मदद ली। विश्वेन्द्र सिंह ने अपने पड़ोसी इंद्रराज गुर्जर के माध्यम से और दिशांत टेलर ने जयपुर निवासी यतीन्द्र पटेल की मदद से कथित तौर पर फर्जी प्रमाणपत्र हासिल किया। जांच में भानाराम माली, शुभम गुर्जर और इंद्रराज गुर्जर सहित अन्य लोगों की भूमिका भी सामने आई है। आरोप है कि यह नेटवर्क फर्जी प्रमाणपत्र बनवाने और मेडिकल काउंसिल में रजिस्ट्रेशन कराने के लिए प्रति व्यक्ति 20 से 30 लाख रुपए तक वसूलता था।

मेडिकल काउंसिल के अधिकारियों की भूमिका भी जांच के घेरे में

SOG के अनुसार, राजस्थान मेडिकल काउंसिल के तत्कालीन अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत की आशंका भी सामने आई है। आरोप है कि आर्थिक लाभ लेकर प्रमाणपत्रों की उचित जांच किए बिना प्रोविजनल रजिस्ट्रेशन जारी किए गए। जांच एजेंसी अब इस बात की पड़ताल कर रही है कि फर्जी प्रमाणपत्रों के आधार पर कितने लोगों ने इंटर्नशिप और रजिस्ट्रेशन हासिल किया। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के साथ नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश भी जारी है।

चोरी की स्कॉर्पियो तलाशने जोधपुर पहुंचे युवकों पर फायरिंग, पीछा कर टक्कर मारी; चार घायल, एक आरोपी पकड़ा

24 न्यूज अपडेट

जोधपुर। चोरी हुई स्कॉर्पियो की तलाश में हनुमानगढ़ से जोधपुर पहुंचे युवकों पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी। आरोप है कि स्कॉर्पियो सवार बदमाशों ने पीछा कर उनकी गाड़ी को कई बार टक्कर मारी। इससे युवकों की गाड़ी अनियंत्रित होकर पलटियां खाते हुए खेत में जा घुसी। घटना में हनुमानगढ़ से आए तीन युवक और एक स्थानीय भेड़ पालक घायल हो गए। पुलिस ने एक आरोपी को डिटेन किया है, जबकि दूसरे की तलाश जारी है। घटना बुधवार दोपहर करीब एक बजे जोधपुर के डांगियावास थाना क्षेत्र के सालवा कला गांव की है। जानकारी के अनुसार, हनुमानगढ़ जिले के रावतसर से छह युवक स्कॉर्पियो में सवार होकर यहां पहुंचे थे। उनका दावा था कि करीब दो महीने पहले उनकी सफेद स्कॉर्पियो चोरी हो गई थी। गाड़ी में लगे जीपीएस की लोकेशन के आधार पर वे उसकी तलाश करते हुए सालवा कला पहुंचे थे। युवकों के अनुसार, चोरी की बताई जा रही स्कॉर्पियो एक ढाणी के बाहर खड़ी दिखाई दी। वे संबंधित लोगों से बात करने की कोशिश कर रहे थे, तभी गाड़ी में सवार लोग वहां से भागने लगे। युवकों ने उनका पीछा किया और पुलिस को भी सूचना दी। आरोप है कि इसके बाद दूसरी स्कॉर्पियो में सवार मनीष जाट और सुनील जाट ने उनका पीछा शुरू कर दिया। बदमाशों ने उनकी गाड़ी को कई बार टक्कर मारी और फायरिंग भी की। टक्कर इतनी तेज थी कि युवकों की स्कॉर्पियो पलटियां खाते हुए खेत में जा घुसी। गाड़ी के बोनट पर गोली लगने का निशान मिला है। ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि आरोपियों ने दो-तीन हवाई फायर भी किए थे। घायल सुरेंद्र कुमार का आरोप है कि गाड़ी पलटने के बाद भी बदमाशों ने फायरिंग की और उनके साथ मारपीट की। उन्होंने पिस्टल के बट से सिर पर वार करने का भी आरोप लगाया। उनका कहना है कि एक गोली उनके बेटे को छूते हुए निकली। हादसे में सुरेंद्र कुमार, सुधीर कुमार और भानु खान घायल हुए। वहीं, टक्कर के दौरान स्थानीय भेड़ पालक बाबूलाल जाट भी घायल हो गए। चारों को जोधपुर के महात्मा गांधी अस्पताल पहुंचाया गया। डांगियावास थानाधिकारी राजूराम ने मीडिया को बताया कि पुलिस को दोपहर 1:10 बजे घटना की सूचना मिली थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मनीष जाट निवासी सालवा कला को डिटेन कर लिया है। दूसरे आरोपी सुनील जाट की तलाश की जा रही है। मौके पर एफएसएल टीम ने भी साक्ष्य जुटाए हैं।



उदयपुर जोन में सुरक्षा एजेंसियों की बड़ी कार्रवाई, राजसमंद और सलूंबर से चार अवैध बांग्लादेशी नागरिक डिटेन, निष्कासन की प्रक्रिया शुरू



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 18 नवंबर। अवैध रूप से भारत में प्रवेश कर रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ सी.आई.डी. विशेष शाखा जोन उदयपुर और जिला पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाया है। इस कार्रवाई के तहत राजसमंद और सलूंबर जिलों से दो महिलाओं और दो पुरुषों सहित कुल चार अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को डिटेन किया गया है। सभी चारों नागरिकों को देश से निष्कासित (डिपोर्ट) करने की कार्यवाही शुरू कर दी गई है। यह पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक राजसमंद हेमंत कलाल, पुलिस अधीक्षक सलूंबर बिशनाराम और सी.आई.डी. विशेष शाखा जोन उदयपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. विक्रम सिंह के दिशा-निर्देशन में अंजाम दी गई।

राजसमंद में फर्जी आधार कार्ड के सहारे रह रही थीं दो महिलाएं

जिला विशेष शाखा राजसमंद को 13 नवंबर को चारभुजा थाना क्षेत्र में अनैतिक कार्यों में लिप्त दो संदिग्ध महिलाओं के पास संदिग्ध दस्तावेज होने की सूचना मिली थी। इसके बाद सी.आई.डी. जोन उदयपुर के अनुरोध पर एक जॉइंट इन्ट्रोगेशन कमेटी का गठन किया गया। कड़ाई से की गई पूछताछ में खुलासा हुआ कि दोनों महिलाएं बांग्लादेशी नागरिक हैं। इन्होंने फर्जी आधार कार्ड बनवा रखे थे और अनैतिक व्यापार में लिप्त थीं। इसमें पिया खातून उर्फ रानीदास (31 वर्ष) निवासी अरपाडा मिर्जापुर चकोई नरेल सदर खुलना डिवीजन, ढाका (बांग्लादेश) का पासपोर्ट दिसंबर 2025 में समाप्त हो चुका था और यह 2 नवंबर 2026 को असम के रास्ते अवैध रूप से भारत में घुसी थी। इसी प्रकार शीला खान (23 वर्ष) पिता शाहजुल खान निवासी जेसोर (बांग्लादेश) 2021 में भारत आई थी और वर्तमान में कानपुर (गिर्वा, उदयपुर) में रह रही थी। भारत में रहते हुए इसने 2021 और 2023 में दो शादियां भी कीं। सुरक्षा एजेंसियां अब इन महिलाओं से जुड़े अनैतिक व्यापार और दलालों के नेटवर्क की जांच कर रही हैं। दोनों को पहले नारी निकेतन उदयपुर भेजा गया था, लेकिन वर्तमान में इन्हें राजसमंद के अस्थायी डिटेंशन सेंटर में रखा गया है।

सलूंबर की सोम नदी में मछली पकड़ते पकड़े गए दो बांग्लादेशी युवक

दूसरी कार्रवाई 17 नवंबर को सलूंबर जिले में की गई। पुलिस को सूचना मिली थी कि कस्बा दुदर क्षेत्र में दो संदिग्ध लोग कुछ दिनों से रह रहे हैं और सोम नदी में मछली पकड़ने का काम कर रहे हैं। सी.आई.डी. जोन यूनिट सलूंबर और जिला पुलिस की टीम ने दोनों को हिरासत में लेकर संयुक्त जांच टीम के सामने पेश किया। पूछताछ में दोनों ने बांग्लादेशी होने की बात कबूल की। इसमें एक नृपेन बैद्य पिता निराद बैद्य (40 वर्ष), निवासी ललुआ जिला गोपालगंज, ढाका (बांग्लादेश) तथा दूसरा अपु बिसवास पिता दीपक बिसवास (21 वर्ष), निवासी डोमराशूर जिला गोपालगंज, ढाका (बांग्लादेश) है। दोनों ने एक साथ अवैध रूप से भारतीय सीमा पार की थी, जिसे आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरा माना गया है। फिलहाल दोनों को सलूंबर के अस्थायी डिटेंशन सेंटर में रखा गया है।

आमजन और होटल संचालकों से अपील

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (सी.आई.डी. विशेष शाखा एवं एफ.आर.ओ. जोन उदयपुर) डॉ. विक्रम सिंह ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपने आसपास किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के नजर आने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। इसके साथ ही, सभी होटल, विला और रिसॉर्ट संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी विदेशी नागरिक को ठहराने से पहले इमीग्रेशन एवं फॉरेनर्स एक्ट 2025 के प्रावधानों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें। इस सफल ऑपरेशन में राजसमंद डी.एस.बी. टीम की कल्पना सिंह, थानाधिकारी चारभुजा लक्ष्मण सिंह, यमनेश कुमार, भंवर सिंह, शक्ति सिंह तथा सलूंबर टीम से थानाधिकारी मुकेश नागदा, डी.एस.बी. प्रभारी उम्मेदीलाल और सी.आई.डी. यूनिट के पंकज पाटीदार की अहम भूमिका रही।

नर्सिंग क्वार्टर में दिनदहाड़े चोरी, अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज

उदयपुर। हाथीपोल थाना क्षेत्र स्थित आरएनटी मेडिकल कॉलेज परिसर के नर्सिंग क्वार्टर में चोरी का मामला सामने आया है। यहां रहने वाली नर्सिंग ऑफिसर के सरकारी आवास को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया। पुलिस के अनुसार काछबली, देवगढ़ (राजसमंद) निवासी निर्मला कुमारी (34) एमबी अस्पताल में नर्सिंग ऑफिसर हैं और अस्पताल परिसर के बी ब्लॉक स्थित क्वार्टर नंबर 6 में रहती हैं। उन्होंने रिपोर्ट दी कि 17 नवंबर को सुबह 8 से दोपहर 2 बजे के बीच उनके क्वार्टर में अज्ञात व्यक्ति ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। हाथीपोल थाना पुलिस ने धारा 331(3) और 305(ए) बीएनएस में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच एएसआई अमृतलाल कर रहे हैं। चोरी गए सामान का विवरण उपलब्ध नहीं है।

पर्स छीनकर स्कूटी सवार फरार, भूपालपुरा थाने में मामला दर्ज

उदयपुर। भूपालपुरा थाना क्षेत्र में स्कूटी सवार बदमाश महिला के हाथ से पर्स छीनकर फरार हो गया। घटना 16 नवंबर की रात करीब 9:45 बजे पुराना पासपोर्ट ऑफिस रोड, पाडों की मगरी की है। ओम साई अपार्टमेंट निवासी विक्रम सिंह शक्तावत (43) ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि स्कूटी चालक उनकी पत्नी भावना के हाथ से पर्स छीनकर भाग निकला। घटना के बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। भूपालपुरा थाना पुलिस ने 17 नवंबर को धारा 309(6) बीएनएस के तहत अज्ञात स्कूटी चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है। मामले की जांच एएसआई खुमाण सिंह कर रहे हैं।

सायरा के पदराड़ा मंदिर में चोरी, अज्ञात चोर ले गए सामान

उदयपुर। सायरा थाना क्षेत्र के पदराड़ा स्थित मंदिर में चोरी की वारदात सामने आई है। अज्ञात चोर मंदिर में घुसे और वहां से सामान चुराकर ले गए। पदराड़ा निवासी गणपत सिंह राजपूत ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि 17 नवंबर को अज्ञात चोरों ने मंदिर में चोरी कर सामान पार कर दिया। रिपोर्ट के आधार पर सायरा थाना पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मंदिर से चोरी हुए सामान और आरोपियों के संबंध में जानकारी जुटा रही है। मामले की जांच एसआई भंवर सिंह कर रहे हैं।

पुरानी लेनदेन की बात पर दो पक्षों में मारपीट, पांच नामजद सहित अन्य के खिलाफ केस

उदयपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के ओड़ा गांव में पुरानी लेनदेन की बात को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। घटना में ओड़ा निवासी नरेंद्र कलासुआ (28) ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार परिवादी ने आरोप लगाया कि पुरानी लेनदेन को लेकर उसके साथ मारपीट की गई। रिपोर्ट में श्रवण मीणा, नरेंद्र पुत्र खातू मीणा निवासी ओड़ा, सुनील पुत्र गहू मीणा, पंकज पुत्र गहू मीणा और प्रीतेश पुत्र दिनेश मीणा निवासी बाबरी खेड़ा तथा कालू पुत्र झालम मीणा निवासी ओड़ा सहित अन्य लोगों के नाम सामने आए हैं। कल्याणपुर थाना पुलिस ने 17 नवंबर को धारा 189(2), 115(2) और 126(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच हेड कांस्टेबल प्रेमचंद कर रहे हैं।

अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल बाइक सवार की इलाज के दौरान मौत, पांच दिन बाद दर्ज हुआ मामला

उदयपुर। कुराबड़ थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल बाइक सवार की एमबी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसा 5 नवंबर को सुरो का गुड़ा से आगे लालपुरा रोड पर हुआ था। पुलिस ने अब अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार सलूंबर जिले के लसाड़िया तहसील के धोलिया निवासी शान्तिलाल मेघवाल ने रिपोर्ट दी कि उनके भाई की मोटरसाइकिल को सुरो का गुड़ा से आगे लालपुरा रोड पर अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी थी। हादसे में भाई के सिर में गंभीर चोट आई। उन्हें 108 एंबुलेंस से कुराबड़ सीएचसी ले जाया गया, जहां से उदयपुर के एमबी अस्पताल रेफर किया गया। यहां उपचार के दौरान 17 नवंबर को उनकी मौत हो गई। कुराबड़ थाना पुलिस ने धारा 281 और 106(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। जांच एएसआई बाबूलाल कर रहे हैं।

बनियान में 40 लाख, बैग में 40 लाख उदयपुर में 'कैश का अंडरगारमेंट कनेक्शन' पकड़ा, 80 लाख के साथ मेहसाणा के तीन लोग गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। नकदी छिपाने का ऐसा तरीका कि तलाशी लेने वाली पुलिस भी चौंक जाए। किसी ने 20 लाख रुपए बनियान के भीतर छिपा रखे थे तो किसी ने बैग में नोटों के बंडल भर रखे थे। सूरजपोल थाना पुलिस ने बुधवार रात कार्रवाई कर तीन लोगों के कब्जे से 80 लाख रुपए की संदिग्ध नकदी बरामद की। तीनों गुजरात के मेहसाणा जिले के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार, वे इस रकम को हवाला का पैसा बता रहे थे। नकदी के संबंध में वैध दस्तावेज नहीं मिलने पर पुलिस ने राशि जब्त कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, 18 नवंबर की रात सूरजपोल थाने की हॉक में तैनात कांस्टेबल शिवलाल (2495) को मुखबिर से सूचना मिली कि इलाके में तीन संदिग्ध व्यक्ति घूम रहे हैं। उनके पास हथियार होने या किसी वारदात को अंजाम देने की आशंका जताई गई थी। सूचना पर थानाधिकारी कमलेन्द्र सिंह के नेतृत्व में टीम ने बताए गए हुलिए के आधार पर तीनों को पकड़कर पूछताछ की। हथियार होने से इनकार करने वाले तीनों ने पूछताछ में अपने पास 80 लाख रुपए होने की बात बताई।

तलाशी में खुला बनियान और बैग का राज पुलिस ने तलाशी ली तो नकदी छिपाने के अलग-अलग तरीके सामने आए। हार्दिक कुमार प्रजापति ने अपनी बनियान के अंदर 20 लाख रुपए छिपा रखे थे, जबकि उसके बैग से भी 20 लाख रुपए मिले। इस तरह उसके पास से कुल 40 लाख रुपए बरामद हुए। जयेश भाई प्रजापति की बनियान के अंदर से 20 लाख रुपए मिले, जबकि दिनेश भाई पटेल के बैग से 20 लाख रुपए बरामद किए गए। इस तरह कुल 80 लाख रुपए मिले। पूरी रकम 500-500 रुपए के नोटों के 16 हजार नोटों के रूप में थी।

मेहसाणा के रहने वाले हैं तीनों पकड़े गए आरोपियों में हार्दिक कुमार प्रजापति (34) पुत्र दशरथ भाई निवासी पाजोट, थाना व जिला मेहसाणा; जयेश भाई प्रजापति (44) पुत्र सोमा भाई निवासी जोट, थाना व जिला मेहसाणा और दिनेश भाई पटेल (59) पुत्र भगवान दास निवासी कोरवडा, तालुका व थाना विजापुर, जिला मेहसाणा (गुजरात) शामिल हैं। कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उमेश ओझा और वृत्ताधिकारी नगर पूर्व छवि शर्मा के सुपरविजन में की गई। टीम का नेतृत्व सूरजपोल थानाधिकारी कमलेन्द्र सिंह ने किया। टीम में उपनिरीक्षक शिवदत्त सिंह, सहायक उपनिरीक्षक शीशराम और महेश, हेड कांस्टेबल गणेशलाल (1251), कांस्टेबल हितेन्द्र सिंह (3103), गणिराज सिंह (297), शिवलाल (2495) और शंकर (231) शामिल थे। कांस्टेबल शिवलाल और शंकर की विशेष भूमिका रही।

नेशनल पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में दम दिखाएंगे राजस्थान के खिलाड़ी, तीन टीमों की घोषणा



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। छत्तीसगढ़ के दुर्ग में 23 से 27 नवंबर तक होने वाली फेडरेशन कप नेशनल पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप और वेस्टर्न इंडिया क्लासिक पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप के लिए राजस्थान की टीम घोषित कर दी गई है। प्रदेश के पुरुष और महिला खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी ताकत और कौशल का प्रदर्शन करेंगे। राजस्थान की टीम 22 नवंबर को ट्रेन से दुर्ग के लिए रवाना होगी। राजस्थान राज्य पावरलिफ्टिंग संघ के आयोजन सचिव विनोद साहू ने बताया कि फेडरेशन कप इक्विप्ड पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता की पुरुष टीम में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी जितेंद्र शर्मा को कप्तान बनाया गया है। टीम में योगेंद्र सोगरवाल, प्रिंस, चिराग शर्मा, मयंक ठाकुर, सांकेत चतुर्वेदी, राहुल शर्मा और श्रीकांत बिस्सा शामिल हैं। महिला वर्ग में रुखसाना बानो राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगी। फेडरेशन कप क्लासिक पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में मोहम्मद रेहान गोरी, अंशु वर्मा और रुखसाना बानो राज्य टीम का हिस्सा होंगे। इस टीम के मैनेजर एवं कोच आशीष जैमन रहेंगे। संघ के सचिव डॉ. देवेंद्र साहू ने बताया कि वेस्टर्न इंडिया क्लासिक पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता की पुरुष टीम में कप्तान देवेंद्र सांचौरा के साथ हर्षल दाधीच, पुरुषोत्तम दाधीच, रामचंद्र जाट, नितिन, प्रियांशु पुरोहित, सुनील सुखवाल, जयक्रित सिंह खंग्रोत, दिलीप बिस्सा, मोहक सुथार, नितेश स्वामी, हर्षित नाथ, दीपक आचार्य, यशवर्धन पुरोहित, कृष्ण परमार, युवराज व्यास, श्रीकांत बिस्सा और अरविन्द सिंह को शामिल किया गया है।

महिला टीम की कमान अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रुखसाना बानो को सौंपी गई है। टीम में अंशु वर्मा, ज्योति चौहान, भूमिका साहू, प्रतिज्ञा रंगा, होमिका साहू, कशिश बन, भाविका डागर, सुचित्रा नाई, शिवानी सिंह रावत और सुहानी शर्मा शामिल हैं। टीम मैनेजर विनोद साहू और कोच आशीष ओझा होंगे।

राजस्थान राज्य पावरलिफ्टिंग संघ के अध्यक्ष दिनेश श्रीमाली, कोषाध्यक्ष राजाराम शर्मा, जिला खेल अधिकारी चित्तौड़गढ़ गिरधारी सिंह चौहान, उदयपुर जिला ओलंपिक संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जालमचंद जैन, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी चंद्रेश सोनी, महाराणा प्रताप पुरस्कार विजेता माला सुखवाल, गौरव साहू और भूपेंद्र व्यास सहित खेल संघों के पदाधिकारियों ने चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

भोमट को गांजा मुक्त बनाने के लिए राजस्थान-गुजरात पुलिस की संयुक्त रणनीति, ड्रोन और सैटेलाइट से होगी पहाड़ी इलाकों की निगरानी



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। भोमट क्षेत्र में अवैध गांजे की खेती और तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए उदयपुर पुलिस ने विशेष अभियान 'गांजा मुक्त भोमट' शुरू किया है। इसके तहत अब तक एनडीपीएस एक्ट के सात मामले दर्ज कर 1,187 किलो 490 ग्राम गांजा और गांजे की फसल जब्त की जा चुकी है। अभियान को प्रभावी बनाने के लिए उदयपुर और गुजरात के बनासकांठा जिले की पुलिस ने संयुक्त रणनीति तैयार की है। दुर्गम पहाड़ी और जंगलों में छिपी अवैध खेती का पता लगाने के लिए ड्रोन और सैटेलाइट इमेजरी से सर्वे कराया जाएगा। पुलिस महानिरीक्षक उदयपुर रेंज गौरव श्रीवास्तव के निर्देश पर चल रहे 'त्रिनेत्र अभियान' के तहत एसपी डॉ. अमृता दुहन ने कोटड़ा और झाड़ोल क्षेत्र में अवैध गांजे की खेती, उत्पादन और परिवहन को खत्म करने के लिए यह पहल की है। इसी क्रम में बुधवार को पंचायत भवन, कोटड़ा में एएसपी मुख्यालय मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में अंतरराज्यीय समन्वय बैठक हुई। इसमें उदयपुर के सीमावर्ती थानों के अधिकारियों के साथ बनासकांठा पुलिस, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी), एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ), प्रशासन, राजस्व और वन विभाग के अधिकारी शामिल हुए। बैठक में तय किया गया कि ड्रोन और सैटेलाइट इमेजरी के जरिए दुर्गम पहाड़ी, जंगल और सुनसान इलाकों का सर्वे कर अवैध खेती के हॉटस्पॉट चिह्नित किए जाएंगे। वन और राजस्व विभाग के सहयोग से गांजे की फसल नष्ट की जाएगी। साथ ही राजस्थान काश्तकारी अधिनियम-1955 की धारा 177 के तहत संबंधित जमीन से बेदखली की कार्रवाई भी की जाएगी। दोनों जिलों के बीच सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त होंगे। गांजे की तस्करी में इस्तेमाल होने वाले मुख्य और वैकल्पिक रास्तों पर नाकाबंदी, संयुक्त गश्त और आकस्मिक दबिश दी जाएगी। पुलिस की कार्रवाई केवल खेती करने वालों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि सप्लायर से लेकर अंतिम खरीदार तक पूरे नेटवर्क की कड़ियां खंगाली जाएंगी। पुराने मामलों में आरोपियों के वित्तीय लेन-देन की जांच कर एनडीपीएस एक्ट की धारा 68एफ के तहत अवैध संपत्ति जब्त करने के प्रस्ताव भी तैयार किए जाएंगे।

माण्डवा थाना क्षेत्र में सात मामले दर्ज अभियान के तहत माण्डवा थाना क्षेत्र में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 में सात प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इनमें 1,175 किलो 640 ग्राम गांजे की हरी फसल और 11 किलो 850 ग्राम सूखा गांजा जब्त किया गया। प्रकरण संख्या 92/2026 में 194.800 किलो, 96/2026 में 242.240 किलो, 97/2026 में 59.330 किलो, 98/2026 में 432.180 किलो और 99/2026 में 104.790 किलो गांजे की फसल जब्त की गई। वहीं, 17 नवंबर को दर्ज प्रकरण संख्या 101/2026 में 11.850 किलो सूखा गांजा और 36.440 किलो गांजे की फसल तथा प्रकरण संख्या 102/2026 में 105.860 किलो गांजे की फसल जब्त की गई।

गांवों में भी चलेगा जागरूकता अभियान पुलिस सीमावर्ती गांवों में सीएलजी बैठकों, जनप्रतिनिधियों, ग्राम रक्षकों, सुरक्षा सखियों और स्कूल-कॉलेजों के माध्यम से 'नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो, गांजे की खेती अपराध है' संदेश के साथ जागरूकता अभियान चलाएगी। ग्रामीणों को गांजे की खेती और तस्करी पर एनडीपीएस एक्ट में निर्धारित सजा और जुर्माने की जानकारी दी जाएगी। एसपी डॉ. अमृता दुहन ने कहा कि भोमट क्षेत्र को गांजा मुक्त बनाने के लिए आधुनिक तकनीक और अंतरराज्यीय समन्वय के साथ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आमजन से भी इस मुहिम में सहयोग की अपील की। अवैध खेती, भंडारण या तस्करी की सूचना मोबाइल नंबर 8764527201 पर दी जा सकती है। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। बैठक में एसडीएम कोटड़ा संजीव कुमार शर्मा, सीओ कोटड़ा डूंगर सिंह चुण्डावत, सीओ झाड़ोल विवेक सिंह राव, तहसीलदार अर्जुनराम, वन विभाग के रेंजर प्रकाशचन्द्र अहारी सहित माण्डवा, फलासिया, कोटड़ा, पानरवा और बेकरिया थानों के अधिकारी मौजूद रहे। गुजरात के बनासकांठा जिले से डीएसपी खेड़ब्रह्मा डॉ. कुलदीप कुमार नायक, एसओजी के पीआई ए.एम. वाघेला और खेराज थाने के पीआई के.बी. खांट शामिल हुए। एनसीबी के निरीक्षक राजेन्द्र सिंह और मिलन अग्रवाल तथा एएनटीएफ के प्रतिनिधि भी बैठक में मौजूद रहे।

गांवों की खेल प्रतिभाओं के लिए खुलेगा बड़ा मंच, 16 खेलों में दिखेगा दमखम; 30 नवंबर तक मुफ्त पंजीयन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। गांवों और जनजातीय क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं को राज्य स्तर तक पहुंचाने के लिए खेलो राजस्थान गेम्स 2026 की तैयारियां तेज हो गई हैं। इस बार प्रतियोगिता का दायरा बढ़ाते हुए खेलों की संख्या 12 से बढ़ाकर 16 कर दी गई है। प्रतियोगिता का शुभारंभ 15 दिसंबर से प्रस्तावित है। इसमें हिस्सा लेने के इच्छुक खिलाड़ी 30 नवंबर तक जनआधार के माध्यम से निशुल्क ऑनलाइन पंजीयन करवा सकते हैं। इस बार प्रतियोगिता में हॉकी, शूटिंग बॉल, टेनिस बॉल क्रिकेट और मल्लखंभ को नए खेलों के रूप में शामिल किया गया है। ग्राम पंचायत से लेकर राज्य स्तर तक आयोजित होने वाले इस खेल आयोजन में सभी आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। उदयपुर में आयोजित जिला स्तरीय बैठक में जिला खेल अधिकारी डॉ. महेश पालीवाल ने अधिकारियों और शारीरिक शिक्षकों को अधिकाधिक खिलाड़ियों का पंजीयन करवाने के निर्देश दिए। जिले में 18 नवंबर तक 3015 खिलाड़ी पंजीयन करवा चुके हैं। इनमें 2016 पुरुष और 999 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। बैठक में उप जिला शिक्षा अधिकारी (शारीरिक शिक्षा) लक्ष्मण दास वैष्णव, राजस्थान शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ के प्रदेश महामंत्री डॉ. भेरू सिंह राठौड़, युगल किशोर शर्मा, बलवीर सिंह राठौड़, राधेश्याम सुथार, नरेश पालीवाल और मेवा मीणा सहित शारीरिक शिक्षक एवं खेल प्रभारी मौजूद रहे। डॉ. भेरू सिंह राठौड़ ने कहा कि यह आयोजन ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को पहचान दिलाने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने शारीरिक शिक्षकों, विद्यालयों और अभिभावकों से प्रत्येक ग्राम पंचायत से अधिकाधिक खिलाड़ियों की भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। लक्ष्मणदास वैष्णव ने भी 30 नवंबर से पहले पंजीयन पूरा करवाने और अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का आह्वान किया।

पंजीयन की अंतिम तिथि: 30 नवंबर 2026
पंजीयन पोर्टल: HTTPS://KHELORAJASTHAN.RAJASTHAN.GOV.IN/HOME/INDEX

किताबों से निकलकर जंगल की पाठशाला पहुंचे विद्यार्थी, रणथंभौर में बाघों से हुआ सामना

36 विद्यार्थियों ने करीब से देखे वन्यजीव और समझा संरक्षण का महत्व



24 न्यूज अपडेट

जयपुर। जंगल की दुनिया को किताबों में पढ़ना और वन्यजीवों को उनके प्राकृतिक आवास में विचरण करते देखना, दोनों अलग-अलग अनुभव हैं। विद्याश्रम स्कूल के 36 विद्यार्थियों ने रणथंभौर के जंगलों में पहुंचकर इस रोमांच को महसूस किया। ग्रीन पीपल सोसायटी के जयपुर चैप्टर की ओर से 16 और 17 नवंबर को आयोजित दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण में विद्यार्थियों को वन्यजीवों की दुनिया को करीब से जानने का अवसर मिला। सोसायटी के उपाध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त आईएएस विक्रम सिंह ने बताया कि शिक्षिकाओं सुमन सिंह और स्मिता शेखावत के नेतृत्व में पहुंचे विद्यार्थियों ने जंगल में बाघ, भालू, मगरमच्छ, चीतल, सांभर, जंगली सुअर और नेवले सहित कई वन्यजीवों को उनके प्राकृतिक परिवेश में देखा। विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों को निहारना भी विद्यार्थियों के लिए खास अनुभव रहा। भ्रमण के दौरान फील्ड बायोलॉजिस्ट मोहम्मद मैराज ने प्रस्तुतीकरण के जरिए वन्यजीवों और पक्षियों की प्रजातियों, उनके आवास, भोजन, जीवन चक्र और संरक्षण से जुड़े पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पारिस्थितिकी तंत्र में वन्यजीवों की महत्वपूर्ण भूमिका है और इनके संरक्षण की जिम्मेदारी केवल वन विभाग की नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की है। विद्यार्थियों ने रणथंभौर भ्रमण के बाद राजीव गांधी नेचुरल हिस्ट्री म्यूजियम का भी अवलोकन किया। यहां उन्हें जैव विविधता और वन्यजीवों की दुनिया को समझने का अवसर मिला। कार्यक्रम में वन विभाग के वन्यजीव प्रभाग, सवाई माधोपुर के फील्ड डायरेक्टर एसपी सिंह का मार्गदर्शन और सहयोग रहा।

फुटपाथों पर कब्जे के खिलाफ निगम का बुलडोजर, मीरा कॉलेज के सामने 8 और बस स्टैंड के पीछे 4 झोंपड़े हटाए



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। शहर के प्रमुख रास्तों और सार्वजनिक स्थानों पर कब्जा जमाकर बनाए गए अवैध झोंपड़ों के खिलाफ नगर निगम ने बुधवार को कार्रवाई की। महापौर पारस सिंघवी के निर्देश पर अतिक्रमण निरोधी दस्ते ने तीन स्थानों से झोंपड़े और फुटपाथ पर किए गए अतिक्रमण हटाए। मीरा गर्ल्स कॉलेज के सामने आठ और उदियापोल स्थित केंद्रीय बस स्टैंड के पीछे चार झोंपड़े हटाए गए। वहीं, फतह स्कूल के सामने फुटपाथ पर कब्जा कर बैठे लोगों को भी हटाकर रास्ता खाली करवाया गया। नगर निगम की अतिक्रमण शाखा की टीम ने सबसे पहले मीरा गर्ल्स कॉलेज के सामने कार्रवाई की। यहां सड़क किनारे लंबे समय से बने आठ झोंपड़ों को हटाया गया। निगम के अनुसार, इन झोंपड़ों के जरिए सार्वजनिक भूमि पर कब्जा किया गया था और स्थानीय नागरिकों की ओर से भी इसकी शिकायतें मिल रही थीं। इसके बाद टीम उदियापोल बस स्टैंड पहुंची और केंद्रीय बस स्टेशन के पीछे बने चार झोंपड़े हटाए। तीसरी कार्रवाई फतह स्कूल के सामने की गई, जहां फुटपाथ पर कब्जा कर बैठे लोगों को हटाया गया। महापौर पारस सिंघवी ने कहा कि शहर के प्रमुख मार्गों, फुटपाथों और सार्वजनिक स्थानों पर अवैध झोंपड़े या कब्जे स्वीकार नहीं किए जाएंगे। ऐसे अतिक्रमण शहर की सुंदरता को प्रभावित करने के साथ पैदल राहगीरों और वाहन चालकों के लिए भी परेशानी पैदा करते हैं। इनसे यातायात बाधित होने और दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। महापौर ने निगम अधिकारियों को प्रमुख मार्गों, चौराहों और फुटपाथों पर नियमित निगरानी रखने तथा दोबारा अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा।